# HAJ COMMITTEE OF INDIA

**Haj House Residential Coaching Institute (HHRCI), Mumbai**

**(Statutory body of Ministry of Minority Affairs)**

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

**HCoI-HHRCI-XVI**

**SUB. CODE: 01**

Test booklet series

# A

## GENERAL STUDIES
## PAPER - I

**Time Allowed: One Hour** **Maximum Marks: 100**

## INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMET OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET DOES NOT HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series Code A B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. DO NOT write anything else on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **50** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ONLY ONE response for each item.
5. You have to mark all your responses ONLY on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. **All** items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator only the Answer Sheet. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answer:**

    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE.

    i. There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks as assigned to that question will be deducted as penalty.

    ii. If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.

    iii. If a question is left blank, i.e. no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

1. Who among the following rulers of the Vijayanagara Empire received the Portuguese traveller Domingo Paes at his court ?

(a) Deva Raya II

(b) Krishnadevaraya

(c) Achyuta Deva Raya

(d) Sadashiva Raya

2. With reference to the thematic features of Indian classical music traditions, consider the following statements :

1. Dhrupad is traditionally characterized by devotional and majestic compositions with emphasis on spiritual expression.

2. Khayal allows greater scope for improvisation and imaginative elaboration by the performer.

3. Thumri is primarily associated with rigid rhythmic structures and the absence of emotional improvisation.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

3. Consider the following statements regarding Gandhian philosophy:

I. Mahatma Gandhi regarded means and ends as inseparable in ethical and political life.

II. Gandhi did not support large-scale industrialization as the primary path for rural development in India.

III. The principle of Trusteeship aimed at reducing economic inequalities through moral responsibility of wealth holders.

Which of the following inferences can be drawn from the above statements ?

1. Statement I suggests that noble objectives can be achieved only through moral and non-violent methods.

2. Statement II suggests the lack of capital for establishing large-scale industries in India and their harmful environmental impact.

3. Statement III suggests reducing economic inequality through the voluntary and ethical use of wealth rather than coercive state action.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2

(b) 1 and 3

(c) 2 and 3

(d) 1, 2 and 3

1. विजयनगर साम्राज्य के निम्नलिखित शासकों में से किसके दरबार में पुर्तगाली यात्री डोमिंगो पायस आया था ?

(a) देवराय द्वितीय

(b) कृष्णदेवराय

(c) अच्युत देवराय

(d) सदाशिव राय

2. भारतीय शास्त्रीय संगीत परंपराओं की विषयवस्तु संबंधी विशेषताओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ध्रुपद परंपरागत रूप से आध्यात्मिक अभिव्यक्ति पर बल देने वाली भक्तिपरक एवं गरिमामय रचनाओं द्वारा विशेषीकृत है।

2. ख़याल में कलाकार को तात्कालिक सृजन तथा कल्पनाशील विस्तार की अधिक स्वतंत्रता प्राप्त होती है।

3. ठुमरी मुख्यतः कठोर तालबद्ध संरचना तथा भावात्मक तात्कालिक सृजन के अभाव से संबंधित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

3. गांधीवादी दर्शन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. महात्मा गांधी नैतिक एवं राजनीतिक जीवन में साधन और साध्य को अविभाज्य मानते थे।

II. गांधी भारत के ग्रामीण विकास के लिए बड़े पैमाने पर औद्योगीकरण को प्रमुख मार्ग के रूप में स्वीकार नहीं करते थे।

III. न्यासिता का सिद्धांत संपत्ति धारकों के नैतिक दायित्व के माध्यम से आर्थिक असमानताओं को कम करने का उद्देश्य रखता था।

उपर्युक्त कथनों से निम्नलिखित में से कौन-से निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं ?

1. कथन I से यह संकेत मिलता है कि श्रेष्ठ उद्देश्यों की प्राप्ति केवल नैतिक एवं अहिंसात्मक साधनों द्वारा ही की जा सकती है।

2. कथन II से यह संकेत मिलता है कि भारत में बड़े उद्योगों की स्थापना हेतु पूंजी का अभाव था तथा उनका पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था।

3. कथन III से यह संकेत मिलता है कि आर्थिक असमानता को राज्य की दमनात्मक कार्रवाई के बजाय संपत्ति के स्वैच्छिक एवं नैतिक उपयोग द्वारा कम किया जाना चाहिए।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2

(b) 1 और 3

(c) 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

4. With reference to the constitutional evolution of British India, consider the following statements :

1. The Charter Act of 1853 introduced an open competition system for recruitment to the Civil Services of the East India Company.
2. The Indian Councils Act of 1892 enabled discussion on the annual budget in the legislative councils without permitting voting on it.
3. The Government of India Act of 1909 provided for direct elections to the Imperial Legislative Council.
4. The Government of India Act of 1935 abolished dyarchy in the provinces and proposed its introduction at the Centre.

How many of the statements given above are correct ?

(a) One only
(b) Two only
(c) Three only
(d) All the four

5. With reference to the folk dances of South India, consider the following statements :

1. Theyyam is primarily associated with ritual worship and local deity traditions.
2. Karagattam is traditionally performed in praise of the rain goddess Mariamman.
3. Veeragase mainly depicts pastoral life and agricultural activities of rural communities.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

6. Consider the following statements about the ancient India :

I. Bronze tools used by the Harappan people were less in number and of lower quality compared to those found in ancient Egypt.

II. A major portion of India had no proper Bronze Age.

Which of the following information support/supports the above statements ?

1. Tin was scarce in ancient India and bronze tools were made by mixing tin with copper.
2. There is evidence that people living outside the Harappan civilization relied more on iron tools for different activities.
3. The Harappan people were not aware of the technology required to manufacture bronze tools.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 and 3

(c) 3 only

(d) 1, 2 and 3

**4.** ब्रिटिश भारत के संवैधानिक विकास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. चार्टर अधिनियम, 1853 ने ईस्ट इंडिया कंपनी की सिविल सेवाओं में भर्ती हेतु खुली प्रतियोगिता प्रणाली का प्रावधान किया।
2. भारतीय परिषद अधिनियम, 1892 ने विधान परिषदों को वार्षिक बजट पर चर्चा करने की अनुमति दी, किंतु उस पर मतदान करने की अनुमति नहीं दी।
3. भारत शासन अधिनियम, 1909 ने इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल (केंद्रीय विधान परिषद) के लिए प्रत्यक्ष निर्वाचन का प्रावधान किया।
4. भारत शासन अधिनियम, 1935 ने प्रांतों में द्वैध शासन (Dyarchy) को समाप्त कर केंद्र में इसे लागू करने का प्रस्ताव किया।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

*(a)* केवल एक
*(b)* केवल दो
*(c)* केवल तीन
*(d)* सभी चार

**5.** दक्षिण भारत के लोकनृत्यों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. थेय्यम मुख्यतः अनुष्ठानिक पूजा एवं स्थानीय देवता परंपराओं से संबंधित है।
2. करगट्टम पारंपरिक रूप से वर्षा की देवी मरियम्मन की स्तुति में प्रस्तुत किया जाता है।
3. वीरगासे मुख्यतः ग्रामीण समुदायों के पशुपालक जीवन एवं कृषि गतिविधियों का चित्रण करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

*(a)* केवल 1 और 2
*(b)* केवल 2 और 3
*(c)* केवल 1 और 3
*(d)* 1, 2 और 3

**6.** प्राचीन भारत के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. हड़प्पावासियों द्वारा प्रयुक्त कांस्य उपकरणों की संख्या तथा गुणवत्ता, प्राचीन मिस्र में प्राप्त कांस्य उपकरणों की तुलना में कम थी।

II. भारत के एक बड़े भाग में वास्तविक अर्थों में कांस्य युग का विकास नहीं हुआ।

निम्नलिखित में से कौन-सी सूचना, उपर्युक्त कथनों का समर्थन करती है/हैं ?

1. प्राचीन भारत में टिन दुर्लभ था तथा कांस्य उपकरण तांबे में टिन मिलाकर बनाए जाते थे।
2. ऐसे प्रमाण प्राप्त होते हैं कि हड़प्पा सभ्यता के बाहर रहने वाले लोग विभिन्न कार्यों के लिए मुख्यतः लौह उपकरणों पर निर्भर थे।
3. हड़प्पावासी कांस्य निर्माण की तकनीक से परिचित नहीं थे।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1
*(b)* 2 और 3
*(c)* केवल 3
*(d)* 1, 2 और 3

7. Consider the following assertion :

*The emergence of territorial states and urban life in eastern India from the sixth century B.C. onwards owed much to the widespread use of iron.*

Which of the following statements support/supports the above assertion ?

1. The kingdom of Magadh emerged as the most powerful and succeeded in founding an empire.
2. The new agricultural tools and implements made of iron enabled the peasants to produce surplus foodgrains.
3. The use of punched-marked coins facilitated trade and commerce to a great extent.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2

(c) 2 and 3

(d) 1 and 3

8. Regarding Hoolock Gibbon, consider the following statements :

1. It is the only ape species found in India.
2. Its natural habitat in India is limited to some regions of Northeast India.
3. It is nocturnal and arboreal in its natural habitat.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

9. Consider the following statements :

Statement I :
Studies indicate that nitrate levels in groundwater exceeded the permissible limits in many districts of India.

Statement II :
Indian farmers use excessive nitrogenous fertilisers to enhance crop productivity.

Statement III :
India's irrigation system involves the extraction of huge amounts of groundwater.

Which one of the following is correct in respect of the above statements ?

(a) Both Statement II and Statement III are correct and both of them explain Statement I

(b) Both Statement II and Statement III are correct but only one of them explains Statement I

(c) Only one of the Statements II and III is correct and that explains Statement I

(d) Neither Statement II nor Statement III is correct

10. Under which one of the following the 'Just Transition Mechanism', also known as the Belem Action Mechanism, adopted ?

(a) The United Nations Framework Convention on Climate Change (UNFCCC)

(b) The United Nations Convention to Combat Desertification (UNCCD)

(c) The United Nations Environment Programme (UNEP)

(d) The Convention on Biological Diversity (CBD)

7. निम्नलिखित अभिकथन पर विचार कीजिए :

*ईसा पूर्व छठी शताब्दी से पूर्वी भारत में क्षेत्रीय राज्यों तथा नगरीय जीवन के उद्भव में लौह धातु के व्यापक उपयोग की महत्वपूर्ण भूमिका थी।*

निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन, उपर्युक्त अभिकथन का समर्थन करता है/करते हैं ?

1. मगध राज्य सर्वाधिक शक्तिशाली बनकर उभरा तथा एक साम्राज्य की स्थापना करने में सफल रहा।
2. लौह से निर्मित नवीन कृषि उपकरणों एवं औजारों ने किसानों को अधिशेष खाद्यान्न उत्पादन करने में सक्षम बनाया।
3. आहत मुद्राओं के उपयोग ने व्यापार एवं वाणिज्य को अत्यधिक प्रोत्साहन दिया।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) 1 और 2

(c) 2 और 3

(d) 1 और 3

8. हूलॉक गिब्बन (Hoolock Gibbon) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह भारत में पाई जाने वाली एकमात्र कपि (Ape) प्रजाति है।
2. भारत में इसका प्राकृतिक आवास केवल पूर्वोत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों तक सीमित है।
3. अपने प्राकृतिक आवास में यह निशाचर (Nocturnal) तथा वृक्षवासी (Arboreal) होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन I :
अध्ययनों से संकेत मिलता है कि भारत के अनेक जिलों में भूजल में नाइट्रेट का स्तर अनुमेय सीमा से अधिक पाया गया है।

कथन II :
भारतीय किसान फसल उत्पादकता बढ़ाने के लिए नाइट्रोजनयुक्त उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग करते हैं।

कथन III :
भारत की सिंचाई व्यवस्था में भूजल का बड़े पैमाने पर दोहन किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन II और कथन III दोनों सही हैं तथा वे दोनों कथन I की व्याख्या करते हैं

(b) कथन II और कथन III दोनों सही हैं, किन्तु उनमें से केवल एक ही कथन I की व्याख्या करता है

(c) कथन II और कथन III में से केवल एक सही है तथा वही कथन I की व्याख्या करता है

(d) न तो कथन II और न ही कथन III सही है

10. 'जस्ट ट्रांजिशन मैकेनिज्म', जिसे बेलेम एक्शन मैकेनिज्म भी कहा जाता है, निम्नलिखित में से किसके अंतर्गत अपनाया गया है ?

(a) संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन रूपरेखा अभिसमय (UNFCCC)

(b) मरुस्थलीकरण से निपटने हेतु संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (UNCCD)

(c) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)

(d) जैव विविधता अभिसमय (CBD)

11. Consider the following description :

1. The daily range of temperature is small.

2. In this region the air masses are generally unstable and cause rainfall throughout the year.

3. The annual averages of precipitation vary from 75 - 150 cm.

4. Thunderstorms in summer and frontal precipitation in winter are common.

What is this type of climate ?

(a) Marine West Coast Climate

(b) Humid Subtropical Climate

(c) Equatorial Climate

(d) China Type Climate

12. Consider the following statements :

1. The Congo River is the only major river in the world that crosses the Equator twice.

2. The Mahi River is the only river in the world that crosses the Tropic of Cancer twice.

3. The Limpopo River is the only primary river in the world that crosses the Tropic of Capricorn twice.

How many of the above statements are correct ?

(a) Only one

(b) Only two

(c) All the three

(d) None

13. Match List I with List II and select the answer using the code given below the Lists :

| *List I* (Commodity) | *List II* (Major supplier to India) |
|---|---|
| A. Palm oil | 1. Indonesia |
| B. Sunflower oil | 2. Russia |
| C. Soybean oil | 3. Argentina |

**Code :**

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 1 | 3 |

14. Consider the following information :

| | Project | River | State |
|---|---|---|---|
| I. | Kaleshwarm Lift Irrigation Project | Godavari River | Andhra Pradesh |
| II. | Almatti Hydroelectric Project | Krishna River | Telangana |
| III. | Mekedatu Project | Cauvery River | Tamil Nadu |

In how many of the above rows is the given information correctly matched ?

(a) Only one

(b) Only two

(c) All the three

(d) None

**11.** निम्नलिखित विवरण पर विचार कीजिए :

1. दैनिक तापांतर (Daily Range of Temperature) कम होता है।
2. इस क्षेत्र में वायु राशियाँ सामान्यतः अस्थिर होती हैं तथा वर्ष भर वर्षा कराती हैं।
3. वार्षिक औसत वर्षा 75 से 150 सेमी के मध्य होती है।
4. ग्रीष्म ऋतु में तड़ित झंझा (Thunderstorms) तथा शीत ऋतु में वाताग्रीय वर्षा (Frontal Rainfall) सामान्य है।

यह किस प्रकार की जलवायु है ?

*(a)* समुद्री पश्चिमी तटीय जलवायु

*(b)* आर्द्र उपोष्णकटिबंधीय जलवायु

*(c)* विषुवतीय जलवायु

*(d)* चीन तुल्य जलवायु

**12.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कांगो नदी विश्व की एकमात्र प्रमुख नदी है जो विषुवत रेखा को दो बार पार करती है।
2. माही नदी विश्व की एकमात्र नदी है जो कर्क रेखा को दो बार पार करती है।
3. लिम्पोपो नदी विश्व की एकमात्र प्रमुख नदी है जो मकर रेखा को दो बार पार करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* सभी तीन

*(d)* कोई नहीं

**13.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

| *सूची I* | *सूची II* |
|---|---|
| *(वस्तु)* | *(भारत को प्रमुख आपूर्तिकर्ता)* |
| A. पाम तेल | 1. इंडोनेशिया |
| B. सूरजमुखी तेल | 2. रूस |
| C. सोयाबीन तेल | 3. अर्जेंटीना |

**कूट :**

| | **A** | **B** | **C** |
|---|---|---|---|
| *(a)* | 1 | 2 | 3 |
| *(b)* | 1 | 3 | 2 |
| *(c)* | 3 | 2 | 1 |
| *(d)* | 2 | 1 | 3 |

**14.** निम्नलिखित सूचना पर विचार कीजिए :

| | **परियोजना** | **नदी** | **राज्य** |
|---|---|---|---|
| I. | कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना | गोदावरी नदी | आंध्र प्रदेश |
| II. | आलमट्टी जलविद्युत परियोजना | कृष्णा नदी | तेलंगाना |
| III. | मेकेदातु परियोजना | कावेरी नदी | तमिलनाडु |

उपर्युक्त में से कितनी पंक्तियों में दी गई सूचना सही सुमेलित है ?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* सभी तीन

*(d)* कोई नहीं

15. Consider the following pairs :

| | Strait | Connecting |
|---|---|---|
| 1. | Strait of Malacca | Andaman Sea and South China Sea |
| 2. | Strait of Hormuz | Persian Gulf and Gulf of Oman |
| 3. | Bosphorus Strait | North Sea and Sea of Marmara |
| 4. | Strait of Magellan | Atlantic Ocean and Pacific Ocean |

How many of the above pairs are correctly matched ?

(a) Only one
(b) Only two
(c) Only three
(d) All the four

16. Consider the following statements :

Statement I :
The insolation received by the earth in the month of July is more than the amount received in the month of January.

Statement II :
The earth is farthest from the sun in the month of July and nearest to the sun in the month of January.

Which one of the following is correct in respect of the above statements ?

(a) Both Statement I and Statement II are correct and Statement II explains Statement I
(b) Both Statement I and Statement II are correct but Statement II does not explain Statement I
(c) Statement I is correct but Statement II is not correct
(d) Statement I is not correct but Statement II is correct

17. Regarding the right of transit passage under the United Nations Convention on the Law of the Sea (UNCLOS), which of the following statements is/are correct ?

1. Under UNCLOS, ships of all nations have the right of transit passage through straits used for international navigation.

2. Under UNCLOS, a strait state is legally permitted to impose a toll tax on ships of non-member nations passing through the strait.

3. Under UNCLOS, nations engaged in conflict can restrict the right of transit passage of each other's enemy vessels through straits.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 3 only

(d) 1 and 3 only

18. Which of the following statements is/are correct ?

1. The mid-oceanic ridges are the most active in terms of volcanic eruptions.

2. Calderas are the most explosive of the earth's volcanoes.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**15.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | जलडमरूमध्य | जोड़ता है |
|---|---|---|
| 1. | मलक्का जलडमरूमध्य | अंडमान सागर एवं दक्षिण चीन सागर |
| 2. | होर्मुज़ जलडमरूमध्य | फारस की खाड़ी एवं ओमान की खाड़ी |
| 3. | बॉस्फोरस जलडमरूमध्य | उत्तरी सागर एवं मरमरा सागर |
| 4. | मैगलन जलडमरूमध्य | अटलांटिक महासागर एवं प्रशांत महासागर |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* केवल तीन

*(d)* सभी चार

**16.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन I :
जुलाई माह में पृथ्वी द्वारा प्राप्त सौर विकिरण (insolation) की मात्रा जनवरी माह की तुलना में अधिक होती है।

कथन II :
पृथ्वी जुलाई माह में सूर्य से सर्वाधिक दूर तथा जनवरी माह में सूर्य के सर्वाधिक निकट होती है।

उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

*(a)* कथन I और कथन II दोनों सही हैं और कथन II, कथन I की व्याख्या करता है।

*(b)* कथन I और कथन II दोनों सही हैं, किन्तु कथन II, कथन I की व्याख्या नहीं करता है।

*(c)* कथन I सही है, किन्तु कथन II सही नहीं है।

*(d)* कथन I सही नहीं है, किन्तु कथन II सही है।

**17.** संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून अभिसमय (UNCLOS) के अंतर्गत पारगमन मार्गाधिकार (Right of Transit Passage) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

1. UNCLOS के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय नौवहन हेतु प्रयुक्त जलडमरूमध्यों से सभी देशों के जहाजों को पारगमन का अधिकार प्राप्त है।
2. UNCLOS के अंतर्गत किसी जलडमरूमध्य-राज्य को वहाँ से गुजरने वाले गैर सदस्य देशों के जहाजों पर टोल कर लगाने की वैधानिक अनुमति है।
3. UNCLOS के अंतर्गत संघर्षरत राष्ट्र एक दूसरे के शत्रु जहाजों के पारगमन अधिकार को जलडमरूमध्यों में प्रतिबंधित कर सकते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 3

*(d)* केवल 1 और 3

**18.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

1. मध्य महासागरीय पर्वतश्रेणियाँ ज्वालामुखीय उद्गारों की दृष्टि से सर्वाधिक सक्रिय क्षेत्र हैं।
2. कैल्डेरा पृथ्वी के सर्वाधिक विस्फोटक ज्वालामुखीय स्वरूपों में से एक हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1, न ही 2

19. Consider the following statements :

I. The Government of India introduced the Corporate Average Fuel Efficiency standards in 2017.

II. The Corporate Average Fuel Efficiency standards aim to limit carbon dioxide emissions from automobiles.

III. The Corporate Average Fuel Efficiency standards will significantly reduce India's crude oil imports in the long term.

Which of the following relationship among the above statements is/are correct ?

1. Statement I is empirically supported by statement II.

2. Statement III contradicts the approach implicit in statement I.

3. Statement II and statement III together establish the premise of long-term sustainability.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 3
(c) 3 only
(d) 1, 2 and 3

20. Consider the following statements :

1. In an aquatic ecosystem, detritus food chain is the major conduit for energy flow.

2. In a terrestrial ecosystem, a much larger fraction of energy flows through the grazing food chain.

Which of the statements given above is/are ***not*** correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

21. With reference to the Cold Desert Biosphere Reserve in India, which of the following statements are correct ?

1. It has been recognised under UNESCO's World Network of Biosphere Reserves in September 2025.

2. Its area covers the Pin Valley National Park and surrounding regions.

3. It is India's first high-altitude cold desert biosphere reserve.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

22. Consider the following statements :

1. Chimeric Antigen Receptor T-cell (CAR T) therapy involves genetically engineering a patient's T cells to recognize and kill cancer cells.

2. NexCAR19 is India's first indigenous CAR T-cell therapy.

Which of the statements given above is/are correct ?
(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

23. Which of the following countries are well known as the two largest saffron producers in the world ?

(a) China and Russia

(b) Iran and India

(c) Brazil and Ghana

(d) Indonesia and India

**19.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. भारत सरकार ने वर्ष 2017 में कॉर्पोरेट औसत ईंधन दक्षता (CAFE) मानकों को लागू किया।

II. CAFE मानकों का उद्देश्य ऑटो मोबाइल से होने वाले कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को सीमित करना है।

III. CAFE मानक दीर्घकाल में भारत के कच्चे तेल के आयात में उल्लेखनीय कमी ला सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों के मध्य निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से संबंध सही है/हैं ?

1. कथन 1 का अनुभवजन्य समर्थन कथन 2 द्वारा किया जाता है।

2. कथन 3, कथन 1 में निहित दृष्टिकोण का खंडन करता है।

3. कथन 2 और कथन 3 मिलकर दीर्घकालिक सततता के आधार को स्थापित करते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1
*(b)* 1 और 3
*(c)* केवल 3
*(d)* 1, 2 और 3

**20.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जलीय पारितंत्र में ऊर्जा प्रवाह का प्रमुख माध्यम अपरद आधारित खाद्य श्रृंखला (Detritus Food Chain) होती है।

2. स्थलीय पारितंत्र (Terrestrial Ecosystem) में ऊर्जा का अपेक्षाकृत बड़ा भाग चराई आधारित खाद्य श्रृंखला (Grazing Food Chain) के माध्यम से प्रवाहित होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही ***नहीं*** है/हैं ?

*(a)* केवल 1
*(b)* केवल 2
*(c)* 1 और 2 दोनों
*(d)* न तो 1, न ही 2

**21.** भारत के शीत मरुस्थल जैवमंडल अभ्यारण्य (Cold Desert Biosphere Reserve) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं ?

1. इसे सितंबर 2025 में यूनेस्को के विश्व जैवमंडल अभ्यारण्य नेटवर्क में मान्यता प्रदान की गई।

2. इसके अंतर्गत पिन वैली राष्ट्रीय उद्यान तथा इसके आसपास के क्षेत्र सम्मिलित हैं।

3. यह भारत का प्रथम उच्च ऊँचाई वाला शीत मरुस्थलीय जैवमंडल अभ्यारण्य है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**22.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. Chimeric Antigen Receptor T-cell (CAR T-cell) थेरेपी में रोगी की टी-कोशिकाओं (T-Cells) को आनुवंशिक रूप से इस प्रकार अभिकल्पित किया जाता है कि वे कैंसर कोशिकाओं की पहचान कर उन्हें नष्ट कर सकें।

2. NexCAR19 भारत की प्रथम स्वदेशी CAR T सेल थेरेपी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

*(a)* केवल 1
*(b)* केवल 2
*(c)* 1 और 2 दोनों
*(d)* न तो 1, न ही 2

**23.** निम्नलिखित में से कौन से दो देश विश्व के सबसे बड़े केसर उत्पादकों के रूप में प्रसिद्ध हैं ?

*(a)* चीन और रूस
*(b)* ईरान और भारत
*(c)* ब्राज़ील और घाना
*(d)* इंडोनेशिया और भारत

24. Consider the following statements :

Statement I :
India has integrated the Agni-5 missile with Multiple Independently Targetable Re-entry Vehicle (MIRV) technology.

Statement II :
With MIRV technology, a single ballistic missile can deploy multiple warheads to target different locations independently.

Statement III :
Missiles equipped with MIRV technology enhance strike capabilities and are harder for enemies to intercept.

Which one of the following is correct in respect of the above statements ?

*(a)* Both Statement II and Statement III are correct and both of them explain Statement I

*(b)* Both Statement II and Statement III are correct but only one of them explains Statement I

*(c)* Only one of the Statements II and III is correct and that explains Statement I

*(d)* Neither Statement II nor Statement III is correct

25. Consider the following countries :

I. India

II. Russia

III. Japan

IV. France

How many of the above countries operate a commercial Fast Breeder Reactor (FBR) ?

*(a)* Only one
*(b)* Only two
*(c)* Only three
*(d)* All the four

26. In which of the following regions can bacteria survive ?

1. Hot springs
2. Deep oceans
3. Deserts
4. Extreme salty areas

Select the answer using the code given below :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

27. With reference to the alcohol-to-jet (ATJ) technology, which of the following statements is/are correct ?

1. ATJ is a process through which ethanol is made usable in jet engines.
2. ATJ fuel derived from ethanol is chemically similar to kerosene.
3. ATJ fuel reduces the thrust required for an aircraft during take-off.

Select the answer using the code given below :

*(a)* 1 only
*(b)* 1 and 2 only
*(c)* 3 only
*(d)* 1, 2 and 3

28. The initiative known as 'Partnership On Wide Energy and Resources Resilience (POWERR Asia)' has been launched by which one of the following countries ?

*(a)* Japan
*(b)* Australia
*(c)* United States
*(d)* South Korea

**24.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन I :
भारत ने अग्नि-5 मिसाइल में मल्टिपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल (MIRV) प्रौद्योगिकी का एकीकरण किया है।

कथन II :
MIRV प्रौद्योगिकी के माध्यम से एक एकल बैलिस्टिक मिसाइल अनेक वारहेड्स को विभिन्न लक्ष्यों पर स्वतंत्र रूप से प्रक्षेपित कर सकती है।

कथन III :
MIRV प्रौद्योगिकी से युक्त मिसाइलें प्रहार क्षमता को बढ़ाती हैं तथा शत्रु के लिए उन्हें अवरोधित करना अधिक कठिन होता है।

उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

*(a)* कथन II और कथन III दोनों सही हैं तथा दोनों ही कथन I की व्याख्या करते हैं

*(b)* कथन II और कथन III दोनों सही हैं, किन्तु उनमें से केवल एक ही कथन I की व्याख्या करता है

*(c)* कथन II और III में से केवल एक सही है तथा वही कथन I की व्याख्या करता है

*(d)* न तो कथन II और न ही कथन III सही है

**25.** निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए :

I. भारत

II. रूस

III. जापान

IV. फ्रांस

उपर्युक्त में से कितने देश वाणिज्यिक तीव्र प्रजनक रिएक्टर (Fast Breeder Reactor – FBR) का संचालन करते हैं ?

*(a)* केवल एक
*(b)* केवल दो
*(c)* केवल तीन
*(d)* सभी चार

**26.** निम्नलिखित में से किन क्षेत्रों में जीवाणु (Bacteria) जीवित रह सकते हैं ?

1. ऊष्ण जलस्रोत

2. गहरे महासागर

3. मरुस्थल

4. अत्यधिक लवणीय क्षेत्र

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**27.** अल्कोहल-टू-जेट (ATJ) प्रौद्योगिकी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

1. ATJ एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके माध्यम से एथेनॉल को जेट इंजनों में उपयोग योग्य बनाया जाता है।

2. एथेनॉल से प्राप्त ATJ ईंधन रासायनिक रूप से केरोसीन के समान होता है।

3. ATJ ईंधन विमान के टेक ऑफ के दौरान आवश्यक थ्रस्ट को कम कर देता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1
*(b)* केवल 1 और 2
*(c)* केवल 3
*(d)* 1, 2 और 3

**28.** 'पार्टनरशिप ऑन वाइड एनर्जी एंड रिसोर्सेज रेज़िलिएंस (POWERR Asia)' नामक पहल निम्नलिखित में से किस देश द्वारा प्रारंभ की गई है ?
*(a)* जापान
*(b)* ऑस्ट्रेलिया
*(c)* संयुक्त राज्य अमेरिका
*(d)* दक्षिण कोरिया

29. With reference to the differences between Sodium-ion batteries and Lithium-ion batteries, consider the following statements :

1. Sodium-ion batteries are more environmentally friendly than Lithium-ion batteries.
2. Lithium-ion batteries have a higher operating temperature than Sodium-ion batteries.
3. Sodium-ion batteries charge faster than Lithium-ion batteries.
4. Lithium-ion batteries have a higher energy density than Sodium-ion batteries.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2

(b) 2, 3 and 4

(c) 1, 3 and 4

(d) 1, 2, 3 and 4

30. Consider the following components :

1. Small grid-connected solar energy power plants
2. Stand-alone solar-powered agricultural pumps
3. Solarisation of existing grid-connected agricultural pumps

Which of the above components are promoted under the Pradhan Mantri Kisan Urja Suraksha evam Utthan Mahabhiyan (PM KUSUM) scheme ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

31. With reference to the World Boxing Cup Final 2025, consider the following statements :

1. The event was held in Greater Noida, India.
2. Minakshi Hooda of India secured gold medal after defeating Fozilova Farzona of Romania in the 48 kg weight category.
3. India topped the medal tally with a total of 50 medals.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

32. With respect to the International Booker Prize, which of the following statements is/are correct ?

1. The International Booker Prize is awarded to original works written in any language and published in the United Kingdom or Ireland.
2. The International Booker Prize 2026 was awarded to the novel *'Taiwan Travelogue'*.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

29. सोडियम आयन बैटरियों एवं लिथियम आयन बैटरियों के बीच अंतर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सोडियम-आयन बैटरियाँ लिथियम-आयन बैटरियों की तुलना में अधिक पर्यावरण-अनुकूल हैं।
2. लिथियम-आयन बैटरियों का कार्यकारी तापमान सोडियम-आयन बैटरियों की तुलना में अधिक होता है।
3. सोडियम-आयन बैटरियाँ लिथियम-आयन बैटरियों की तुलना में अधिक तीव्रता से चार्ज होती हैं।
4. लिथियम-आयन बैटरियों की ऊर्जा घनत्व सोडियम-आयन बैटरियों की तुलना में अधिक होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

*(a)* 1 और 2

*(b)* 2, 3 और 4

*(c)* 1, 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

30. निम्नलिखित घटकों पर विचार कीजिए :

1. ग्रिड से संबद्ध लघु सौर ऊर्जा संयंत्र
2. स्टैंड अलोन सौर ऊर्जा चालित कृषि पंप
3. विद्यमान ग्रिड संबद्ध कृषि पंपों का सौरिकीकरण

उपर्युक्त में से किन घटकों को प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (PM KUSUM) योजना के अंतर्गत प्रोत्साहित किया जाता है ?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

31. विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल, 2025 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इस प्रतियोगिता का आयोजन भारत के ग्रेटर नोएडा में किया गया था।
2. भारत की मीनाक्षी हुड्डा ने 48 किग्रा भार वर्ग में रोमानिया की फोजिलोवा फरजोना को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता।
3. भारत ने कुल 50 पदकों के साथ पदक तालिका में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

32. इंटरनेशनल बुकर पुरस्कार के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

1. इंटरनेशनल बुकर पुरस्कार किसी भी भाषा में लिखी गई तथा यूनाइटेड किंगडम या आयरलैंड में प्रकाशित मौलिक कृतियों को प्रदान किया जाता है।
2. वर्ष 2026 का इंटरनेशनल बुकर पुरस्कार *'ताइवान ट्रैवलॉग'* उपन्यास को प्रदान किया गया।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1, न ही 2

33. Mr. Y, a district-level environmental officer, was monitoring mining activities in the Aravalli Hills. During an inspection, he discovered that several mining operators were carrying out illegal excavation beyond the permitted limits, causing deforestation, groundwater depletion, and ecological degradation. Despite pressure from influential groups to ignore the violations in the interest of economic activity and local employment, he ordered the suspension of mining operations and reported the matter to the State Pollution Control Board to ensure environmental protection and sustainable development.

Which one among the following principles of public administration was most strongly demonstrated by Mr. Y's actions ?

*(a)* Rule of Law

*(b)* Political Neutrality

*(c)* Administrative Efficiency

*(d)* Equity

34. With reference to the Tactical Advanced Range Augmentation (TARA) weapon system, which of the following statements is/are ***not*** correct ?

1. TARA is a submarine-launched ballistic missile developed for India's nuclear triad.
2. The weapon system has been developed jointly by DRDO and ISRO.
3. TARA is primarily designed for electronic warfare and radar jamming operations.

Select the answer using the code given below :

*(a)* 1 only
*(b)* 2 only
*(c)* 1 and 3 only
*(d)* 1, 2 and 3

35. Ms. X is a district-level election officer in a state where Legislative Assembly elections are scheduled to be held shortly. During the ongoing Special Intensive Revision (SIR) of electoral rolls, she received reports from field officials indicating that a large number of genuine voters from certain localities were being excluded due to documentation issues, while some questionable entries were allegedly being retained under political pressure. Although no formal complaint had yet been proven, the irregularities raised concerns regarding the fairness and credibility of the electoral process. The Chief Electoral Officer, Mr. Y, informally advised her not to escalate the matter immediately, arguing that reopening verification could delay the final publication of electoral rolls and create political controversy before the elections. However, Ms. X believed that ignoring such concerns could compromise electoral integrity and public trust in democratic institutions.

Which of the following actions of Ms. X would best uphold democratic accountability in the above situation ?

1. Ordering immediate cancellation of the entire electoral roll revision process
2. Recommend temporary suspension and re-verification of the disputed voter entries to ensure fairness in the electoral rolls
3. Submit the matter confidentially to the Election Commission and an internal oversight mechanism while avoiding premature public disclosure until verification is completed

Select the answer using the code given below :

*(a)* 1 and 2 only
*(b)* 1 and 3 only
*(c)* 2 and 3 only
*(d)* 1, 2 and 3

**33.** श्रीमान Y, एक जिला स्तरीय पर्यावरण अधिकारी, अरावली पर्वतमाला में खनन गतिविधियों की निगरानी कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि अनेक खनन संचालक निर्धारित सीमा से अधिक अवैध उत्खनन कर रहे थे, जिससे वनों की कटाई, भूजल का क्षय तथा पारिस्थितिकीय अवनयन हो रहा था। आर्थिक गतिविधियों एवं स्थानीय रोजगार के हित में उल्लंघनों की अनदेखी करने हेतु प्रभावशाली समूहों के दबाव के बावजूद, उन्होंने खनन कार्यों को निलंबित करने का आदेश दिया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए मामले की सूचना राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को दी।

श्रीमान Y के कार्यों से लोक प्रशासन के निम्नलिखित में से किस सिद्धांत का सर्वाधिक स्पष्ट प्रदर्शन होता है ?

*(a)* विधि का शासन

*(b)* राजनीतिक तटस्थता

*(c)* प्रशासनिक दक्षता

*(d)* समता

**34.** टैक्टिकल एडवांस्ड रेंज ऑगमेंटेशन (TARA) आयुध प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही ***नहीं*** है/हैं ?

1. TARA भारत की परमाणु त्रयी के लिए विकसित पनडुब्बी से प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइल है।
2. इस आयुध प्रणाली का विकास संयुक्त रूप से DRDO एवं ISRO द्वारा किया गया है।
3. TARA मुख्यतः इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और रडार जैमिंग अभियानों के लिए अभिकल्पित है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**35.** श्रीमती X एक राज्य में जिला स्तरीय निर्वाचन अधिकारी हैं, जहाँ शीघ्र ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। मतदाता सूचियों के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के दौरान उन्हें क्षेत्रीय अधिकारियों से ऐसी रिपोर्टें प्राप्त हुईं जिनसे संकेत मिला कि कुछ क्षेत्रों के बड़ी संख्या में वास्तविक मतदाताओं को दस्तावेज़ी समस्याओं के कारण मतदाता सूची से बाहर किया जा रहा है, जबकि कुछ संदिग्ध प्रविष्टियों को राजनीतिक दबाव के कारण बनाए रखा जा रहा है। यद्यपि अभी तक किसी औपचारिक शिकायत की पुष्टि नहीं हुई थी, तथापि इन अनियमितताओं ने निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता को लेकर चिंताएँ उत्पन्न कर दीं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, श्रीमान Y, ने अनौपचारिक रूप से उन्हें इस मामले को तत्काल आगे न बढ़ाने की सलाह दी। उनका तर्क था कि सत्यापन प्रक्रिया को पुनः प्रारंभ करने से मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन में विलंब हो सकता है तथा चुनाव से पूर्व राजनीतिक विवाद उत्पन्न हो सकता है। किन्तु श्रीमती X का मानना था कि ऐसी चिंताओं की उपेक्षा करने से निर्वाचन की अखंडता तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास प्रभावित हो सकता है।

उपर्युक्त परिस्थिति में श्रीमती X द्वारा निम्नलिखित में से कौन से कदम लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व को सर्वोत्तम रूप से बनाए रखेंगे ?

1. संपूर्ण मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया को तत्काल निरस्त करने का आदेश देना
2. मतदाता सूची की निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु विवादित मतदाता प्रविष्टियों का अस्थायी निलंबन एवं पुनः सत्यापन कराने की अनुशंसा करना
3. सत्यापन पूर्ण होने तक समयपूर्व सार्वजनिक प्रकटीकरण से बचते हुए मामले को गोपनीय रूप से निर्वाचन आयोग तथा आंतरिक पर्यवेक्षण तंत्र के समक्ष प्रस्तुत करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

36. Recently, the Supreme Court of India, in 'M.K. Ranjitsinh vs. Union of India' case, ruled that the 'right to be free from the adverse effects of climate change' is a distinct fundamental right. This right is derived from which of the following Articles of the Constitution of India ?

(a) Article 14 and Article 19

(b) Article 39 and Article 21

(c) Article 14 and Article 21

(d) Article 41 and Article 14

37. Consider the following statements :

Statement I :
Till the 13th Finance Commission, the vertical devolution was fixed at 32%, but from the 14th Finance Commission onwards, the vertical devolution was increased to about 42%.

Statement II :
Since the 14th Finance Commission, the specific transfers for Centrally Sponsored Schemes were discontinued.

Statement III :
The Central government has included cess and surcharge in the divisible pool.

Which one of the following is correct in respect of the above statements ?

(a) Both Statement II and Statement III are correct and both of them explain Statement I

(b) Both Statement II and Statement III are correct but only one of them explains Statement I

(c) Only one of the Statements II and III is correct and that explains Statement I

(d) Neither Statement II nor Statement III is correct

38. Mr. X, Mr. Y and Mr. Z are three experts on Indian Polity. During an interactive session with the students of a law college, they explained the meaning of the phrase 'We, the People of India' in the Preamble to the Constitution of India. Mr. X explained that the phrase 'We, the People of India' in the Constitution of India refers to the popular sovereignty. Mr. Y explained that the phrase 'We, the People of India' also includes parliamentary supremacy and judicial supremacy. Mr. X and Mr. Z did not agree with the views of Mr. Y.

Based on the above, select the correct conclusion from the options given below :

(a) Mr. X is correct in the interpretation of the phrase 'We, the People of India' including the view on parliamentary supremacy and judicial supremacy.

(b) The view of Mr. Z against Mr. Y is not correct.

(c) The views of Mr. X and Mr. Z are correct.

(d) The view of only Mr. Y is correct.

39. With reference to ACITI, which of the following statements is/are correct ?

1. It is a trilateral initiative involving India, Australia and Canada to enhance cooperation in critical and emerging technologies.

2. The partnership focuses on areas such as green energy innovation, critical mineral supply chains and responsible adoption of artificial intelligence.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**36.** हाल ही में भारत के उच्चतम न्यायालय ने 'एम. के. रंजीतसिंह बनाम भारत संघ' मामले में यह निर्णय दिया कि 'जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से मुक्त रहने का अधिकार' एक पृथक मौलिक अधिकार है। यह अधिकार भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किन अनुच्छेदों से व्युत्पन्न है ?

*(a)* अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 19

*(b)* अनुच्छेद 39 और अनुच्छेद 21

*(c)* अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 21

*(d)* अनुच्छेद 41 और अनुच्छेद 14

**37.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन I :
तेरहवें ($13^{th}$) वित्त आयोग तक ऊर्ध्वाधर कर-वितरण (Vertical Devolution) का हिस्सा 32% निर्धारित था, किन्तु चौदहवें ($14^{th}$) वित्त आयोग से इसे बढ़ाकर लगभग 42% कर दिया गया।

कथन II :
चौदहवें वित्त आयोग के बाद केंद्र प्रायोजित योजनाओं हेतु विशिष्ट अंतरण समाप्त कर दिए गए।

कथन III :
केंद्र सरकार ने उपकर और अधिभार को विभाज्य कर पूल में सम्मिलित कर लिया है।

उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

*(a)* कथन II और कथन III दोनों सही हैं तथा दोनों कथन-I की व्याख्या करते हैं

*(b)* कथन II और कथन III दोनों सही हैं, किन्तु उनमें से केवल एक ही कथन I की व्याख्या करता है

*(c)* कथन II और कथन III में से केवल एक सही है तथा वही कथन I की व्याख्या करता है

*(d)* न तो कथन II और न ही कथन III सही है

**38.** श्रीमान X, श्रीमान Y और श्रीमान Z भारतीय राजव्यवस्था के तीन विशेषज्ञ हैं। एक विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ संवाद के दौरान उन्होंने भारतीय संविधान की प्रस्तावना में प्रयुक्त वाक्यांश 'हम, भारत के लोग' का अर्थ स्पष्ट किया। श्रीमान X ने कहा कि संविधान में प्रयुक्त 'हम, भारत के लोग' का आशय लोकप्रिय संप्रभुता (Popular Sovereignty) से है। श्रीमान Y ने कहा कि 'हम, भारत के लोग' की अवधारणा में संसदीय सर्वोच्चता (Parliamentary Supremacy) तथा न्यायिक सर्वोच्चता (Judicial Supremacy) भी निहित है। श्रीमान X तथा श्रीमान Z, दोनों ने श्रीमान Y के मत से असहमति व्यक्त की।

उपर्युक्त के आधार पर निम्नलिखित में से सही निष्कर्ष चुनिए :

*(a)* श्रीमान X द्वारा 'हम, भारत के लोग' की व्याख्या सही है जिसमें संसदीय एवं न्यायिक सर्वोच्चता पर उनका विचार भी शामिल है।

*(b)* श्रीमान Y के मत का विरोध करने वाले श्रीमान Z का विचार सही नहीं है।

*(c)* श्रीमान X और श्रीमान Z के विचार सही हैं।

*(d)* केवल श्रीमान Y का विचार सही है।

**39.** ACITI के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह भारत, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा के मध्य एक त्रिपक्षीय पहल है, जिसका उद्देश्य महत्त्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करना है।
2. यह साझेदारी हरित ऊर्जा नवाचार, महत्त्वपूर्ण खनिज आपूर्ति शृंखलाओं तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उत्तरदायी उपयोग जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1, न ही 2

**40.** With reference to the President of India, consider the following statements :

1. If a bill reserved by the Governor for the consideration of the President is returned to the Governor for the consideration of the state legislature and the bill is passed again by the state legislature, with or without amendments, and presented again to the President for assent, then it is mandatory for the President to give assent to the bill.

2. As per the constitutional provisions, it is mandatory for the President to nominate two members from the Anglo-Indian community if the community is not adequately represented in the Lok Sabha.

Which of the statements given above is/are correct ?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**41.** Consider the following statements regarding the Kimberley Process :

1. It is a tripartite international initiative involving governments, the global diamond industry and civil society.
2. The Kimberley Process Certification Scheme became operational in 2003 to curb the trade in conflict diamonds.
3. India is a founding member of the Kimberley Process and will serve as its Chair in 2026.

Which of the statements given above are correct ?

*(a)* 1 and 2 only
*(b)* 2 and 3 only
*(c)* 1 and 3 only
*(d)* 1, 2 and 3

**42.** With reference to the Parliament of India, consider the following statements :

1. A privilege motion can be moved by a Member of Parliament against a minister or any other member.

2. An adjournment motion can be introduced only in the Lok Sabha, as it involves an element of censure against the government.

3. A no-confidence motion needs the support of 50 members for its introduction in the Rajya Sabha.

Which one of the following conclusions based on the above statements is correct ?

*(a)* All the three statements are correct.

*(b)* There are two correct statements, that include statement 2.

*(c)* There is only one correct statement.

*(d)* There is no correct statement.

**43.** Match List I with List II and select the answer using the code given below the Lists :

| *List I* (*Part of Indian Constitution*) | *List II* (*Description*) |
|---|---|
| A. IX-B | 1. Co-operative Societies |
| B. X | 2. Schedule and Tribal Areas |
| C. XII | 3. Rights and Liabilities of the Government |
| D. XVII | 4. Official Language |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 1 | 2 | 3 | 4 |
| *(b)* | 1 | 2 | 4 | 3 |
| *(c)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(d)* | 2 | 1 | 3 | 4 |

**40.** भारत के राष्ट्रपति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यदि राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति के विचारार्थ आरक्षित कोई विधेयक राज्य विधानमंडल के विचारार्थ राज्यपाल को लौटा दिया जाता है और राज्य विधानमंडल द्वारा संशोधनों सहित या बिना संशोधनों के विधेयक को पुनः पारित कर राष्ट्रपति के समक्ष पुनः प्रस्तुत किया जाता है, तो राष्ट्रपति के लिए विधेयक को स्वीकृति देना अनिवार्य है।

2. संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, यदि लोकसभा में आंग्ल भारतीय समुदाय का पर्याप्त प्रतिनिधित्व न हो, तो राष्ट्रपति के लिए उस समुदाय के दो सदस्यों को नामित करना अनिवार्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1, न ही 2

**41.** किम्बर्ले प्रक्रिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह सरकारों, वैश्विक हीरा उद्योग तथा नागरिक समाज को सम्मिलित करने वाली त्रिपक्षीय अंतरराष्ट्रीय पहल है।

2. संघर्ष हीरों के व्यापार पर नियंत्रण हेतु किम्बर्ले प्रक्रिया प्रमाणीकरण योजना वर्ष 2003 में लागू हुई।

3. भारत किम्बर्ले प्रक्रिया का संस्थापक सदस्य है तथा वर्ष 2026 में इसका अध्यक्ष होगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

*(a)* केवल 1 और 2
*(b)* केवल 2 और 3
*(c)* केवल 1 और 3
*(d)* 1, 2 और 3

**42.** भारतीय संसद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. विशेषाधिकार प्रस्ताव (Privilege Motion) संसद सदस्य द्वारा किसी मंत्री अथवा किसी अन्य सांसद के विरुद्ध लाया जा सकता है।

2. स्थगन प्रस्ताव (Adjournment Motion) केवल लोकसभा में ही प्रस्तुत किया जा सकता है, क्योंकि इसमें सरकार के प्रति निंदा का तत्व निहित होता है।

3. अविश्वास प्रस्ताव (No Confidence Motion) को राज्यसभा में प्रस्तुत करने के लिए 50 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता होती है।

उपर्युक्त कथनों के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष सही है ?

*(a)* तीनों कथन सही हैं।

*(b)* दो कथन सही हैं, जिनमें कथन 2 सम्मिलित है।

*(c)* केवल एक कथन सही है।

*(d)* कोई भी कथन सही नहीं है।

**43.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

| *सूची-I* (*भारतीय संविधान का भाग*) | *सूची-II* (*विवरण*) |
|---|---|
| A. IX-B | 1. सहकारी समितियाँ |
| B. X | 2. अनुसूचित एवं जनजातीय क्षेत्र |
| C. XII | 3. सरकार के अधिकार एवं दायित्व |
| D. XVII | 4. राजभाषा |

**कूट :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 1 | 2 | 3 | 4 |
| *(b)* | 1 | 2 | 4 | 3 |
| *(c)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(d)* | 2 | 1 | 3 | 4 |

44. With reference to India's emerging low-cost drone and loitering munition capabilities, consider the following statements :

1. Sheshnaag-150 employs AI-enabled swarm technology for coordinated attacks against enemy air defences.

2. Project KAL is designed for deep-penetration strikes with a range of around 1,000 km.

3. Nagastra-1 has been developed primarily for underwater reconnaissance and naval surveillance operations.

4. ALFA-S drones are intended to be launched from fighter aircraft for autonomous targeting missions.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1, 2 and 4 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2, 3 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

45. Which of the following financial instruments are included in the money market ?

1. Treasury Bills
2. Commercial Paper
3. Corporate Bonds
4. Certificates of Deposit

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 3 and 4 only

(c) 1, 2 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

46. Consider the following statements about economists and their contributions to national income estimation in India :

1. Dadabhai Naoroji made the first crude estimates of India's national income for the year 1867-68 and highlighted poverty during colonial rule.

2. Dr. V.K.R.V. Rao is considered the father of national income accounting in India and used a combination of production and income methods for estimation.

3. Professor P.C. Mahalanobis chaired the National Income Committee set up in 1949 and helped promote modern statistical methods and institutions.

4. D.R. Gadgil worked to formalize national income statistics in post-independence India.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2, 3 and 4 only

(c) 1, 2, 3 and 4

(d) None of the above

47. Under the revised MSME classification, which of the following enterprises qualify as 'small enterprise' ?

(a) Investment up to ₹10 crore and annual turnover up to ₹50 crore

(b) Investment up to ₹25 crore and annual turnover up to ₹100 crore

(c) Investment up to ₹50 crore and annual turnover up to ₹200 crore

(d) Investment up to ₹2.5 crore and annual turnover up to ₹10 crore

**44.** भारत की उभरती हुई कम लागत वाली ड्रोन एवं लोटरिंग म्यूनिशन क्षमताओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. शेषनाग -150 शत्रु वायु रक्षा प्रणालियों पर समन्वित आक्रमण हेतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) आधारित स्वॉर्म प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है।

2. प्रोजेक्ट KAL लगभग 1,000 किमी की मारक क्षमता वाले गहन प्रवेश (Deep Penetration) हमलों के लिए अभिकल्पित है।

3. नागास्त्र-1 का विकास मुख्यतः जलमग्न टोही एवं नौसैनिक निगरानी अभियानों के लिए किया गया है।

4. ALFA-S ड्रोन को स्वायत्त लक्ष्यभेदन अभियानों हेतु लड़ाकू विमानों से प्रक्षेपित करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

*(a)* केवल 1, 2 और 4

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 2, 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**45.** निम्नलिखित में से कौन-से वित्तीय साधन मुद्रा बाजार में सम्मिलित हैं ?

1. ट्रेज़री बिल
2. वाणिज्यिक पत्र
3. कॉरपोरेट बॉण्ड
4. जमा प्रमाणपत्र

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 3 और 4

*(c)* केवल 1, 2 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**46.** भारत में राष्ट्रीय आय के आकलन में अर्थशास्त्रियों के योगदान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. दादाभाई नौरोजी ने वर्ष 1867-68 के लिए भारत की राष्ट्रीय आय का प्रथम प्रारंभिक अनुमान प्रस्तुत किया तथा औपनिवेशिक शासनकाल में व्याप्त गरीबी को रेखांकित किया।

2. डॉ. वी.के.आर.वी. राव को भारत में राष्ट्रीय आय लेखांकन का जनक माना जाता है तथा उन्होंने आकलन हेतु उत्पादन एवं आय विधियों के संयोजन का उपयोग किया।

3. प्रोफेसर पी.सी. महालनोबिस ने 1949 में गठित राष्ट्रीय आय समिति की अध्यक्षता की तथा आधुनिक सांख्यिकीय पद्धतियों एवं संस्थानों को बढ़ावा दिया।

4. डी.आर. गाडगिल ने स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में राष्ट्रीय आय सांख्यिकी को संस्थागत स्वरूप प्रदान करने में योगदान दिया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2, 3 और 4

*(c)* 1, 2, 3 और 4

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

**47.** संशोधित MSME वर्गीकरण के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा उद्यम 'लघु उद्यम' की श्रेणी में आता है ?

*(a)* ₹10 करोड़ तक का निवेश तथा ₹50 करोड़ तक का वार्षिक कारोबार

*(b)* ₹25 करोड़ तक का निवेश तथा ₹100 करोड़ तक का वार्षिक कारोबार

*(c)* ₹50 करोड़ तक का निवेश तथा ₹200 करोड़ तक का वार्षिक कारोबार

*(d)* ₹2.5 करोड़ तक का निवेश तथा ₹10 करोड़ तक का वार्षिक कारोबार

**48.** Consider the following statements regarding the Small Finance Banks :

1. They are regulated by the RBI under the Banking Regulation Act, 1949 and other relevant regulations.

2. At least 50% of their Adjusted Net Bank Credit is allocated to priority sectors such as agriculture and small-scale industries.

3. They can accept deposits and provide credit facilities.

4. They can establish subsidiaries to provide non-banking financial services.

Which of the statements given above are correct ?

*(a)* 1 and 3
*(b)* 2 and 4
*(c)* 1, 3 and 4
*(d)* 2 and 3

**49.** With reference to the currency swap framework of the Reserve Bank of India for SAARC countries, consider the following statements :

1. The framework was instituted to provide short-term liquidity support to SAARC countries facing balance-of-payments difficulties.

2. A dedicated Indian Rupee swap window has been introduced along with a separate Dollar-Euro facility.

3. Swap assistance under the framework is automatically available to all SAARC countries without requiring bilateral agreements with the RBI.

Which of the statements given above are correct ?

*(a)* 1 and 2 only
*(b)* 2 and 3 only
*(c)* 1 only
*(d)* 1, 2 and 3

**50.** The Solar Wind Magnetosphere Ionosphere Link Explorer (SMILE) is a joint space mission of which of the following two space agencies ?

*(a)* ISRO and NASA

*(b)* CNES and ROSCOSMOS

*(c)* JAXA and KASA

*(d)* ESA and CAS

**48.** लघु वित्त बैंकों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ये बैंक बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 तथा अन्य प्रासंगिक विनियमों के अंतर्गत RBI द्वारा विनियमित किए जाते हैं।

2. इनके समायोजित शुद्ध बैंक ऋण का कम से कम 50% कृषि एवं लघु उद्योग जैसे प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को आवंटित किया जाता है।

3. ये जमा स्वीकार कर सकते हैं तथा ऋण सुविधाएँ प्रदान कर सकते हैं।

4. ये गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवाएँ प्रदान करने हेतु सहायक कंपनियाँ स्थापित कर सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) 1 और 3
(b) 2 और 4
(c) 1, 3 और 4
(d) 2 और 3

**49.** सार्क (SAARC) देशों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की मुद्रा स्वैप व्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह व्यवस्था भुगतान संतुलन संबंधी कठिनाइयों का सामना कर रहे सार्क देशों को अल्पकालिक तरलता सहायता प्रदान करने हेतु स्थापित की गई थी।

2. इसमें एक समर्पित भारतीय रुपया स्वैप विंडो के साथ साथ पृथक डॉलर-यूरो सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

3. इस व्यवस्था के अंतर्गत स्वैप सहायता RBI के साथ द्विपक्षीय समझौते की आवश्यकता के बिना सभी सार्क देशों को स्वतः उपलब्ध होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) 1, 2 और 3

**50.** सोलर विंड मैग्नेटोस्फीयर आयनोस्फीयर लिंक एक्सप्लोरर (SMILE) निम्नलिखित में से किन दो अंतरिक्ष एजेंसियों का संयुक्त अंतरिक्ष मिशन है ?

(a) ISRO और NASA

(b) CNES और ROSCOSMOS

(c) JAXA और KASA

(d) ESA और CAS